

# चुनाव के समय ही याद आते हैं गरीब और मजदूर परिवार

## जिले में गरीबों के उत्थान पर नहीं दिया गया ध्यान, जिले में 1 लाख 95 हजार पहुंची मजदूरों की संख्या

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 19 नवम्बर। जिले में गरीबों के उत्थान के लिए कभी भी गंभीरता के साथ ध्यान नहीं दिया गया। लिहाजा यहां गरीबों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शासन की ओर से गरीबों के कल्याण के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जिसका लाभ भी पाने के लिए लोगों में होड़ मची रहती है। राजनैतिक दलों के नेताओं की ओर से गरीबों के कल्याण के लिए कोई भी प्रयास नहीं किए जाते।**

यह अवश्य है कि चुनाव के समय सभी राजनैतिक दलों को गरीब एवं अति गरीब परिवार याद आने लगते हैं। जिले में 1 लाख 95 हजार श्रमिकों की संख्या है। इनके आजीविका का साधन मजदूरी ही है। यदि रोजाना मजदूरी न करें तो इनके घर का चूल्हा जलने में भी समस्या खड़ी हो जाती है। चुनाव के दौरान भी गरीब सभी दलों को याद आने लगते हैं। चुनावी जन संपर्क के दौरान भी गरीबी दूर करने के लिए बड़े-बड़े वायदे किए जाते हैं। गरीब परिवारों को पक्का मकान, भूमि समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वायदे किए जाते हैं। बाद में चुनाव खत्म होते ही गरीब अपने ही स्थान पर रह जाता है और उसकी खोज खबर लेने वाले कोई नहीं होते। यहां तक कि यदि गरीबों से संबंधित किसी योजना का लाभ लेने की जरूरत पड़ी तो बड़े-बड़े वायदे करने वाले राजनैतिक दल के लोग मदद करने से हांथ खड़े कर लेते हैं। गरीबों के आवेदन लेने के बाद उसको पढ़ने तक की जरूरत नहीं समझी जाती। चुनाव में वोट लेने के लिए सभी राजनैतिक दल गरीबों की याद करते हैं और उनके कल्याण के



लिए बड़े-बड़े वायदे करेंगे। वोट मिल जाने के बाद कोई भी दल गरीबों की समस्याओं की जानकारी देने के लिए नहीं आते।

जानकारों का कहना है कि चुनाव में कुछ सालों से गरीबी एक प्रमुख मुद्दा बन जाता है। सभी राजनैतिक दल गरीबों को अपने पक्ष में रिझाने के लिए बड़े-बड़े वायदे करते हैं। बाद में सब कुछ भूल जाते हैं। जिनको जीत मिलती है वह अपने पावर में इतने मस्त रहते हैं कि 5 साल तक उनको जनता से कोई सरोकार नहीं रहता। चुनाव के समय घर-घर दस्तक देने वाले प्रत्याशियों का असली चेहरा चुनाव खत्म होने के बाद सामने आता है। जो वोटर कई सालों से वोट डाल रहे हैं उन्हें यह अच्छे से मालूम रहता है कि चुनाव खत्म होने के बाद वह अपने स्थान में रहेंगे और अपनी समस्याओं से अकेले ही जुझेंगे। इनकी मदद करने वाला कोई भी नहीं रहने वाला है। यह दीगर बात है कि अब कुछ साला से चुनाव के दौरान युवा सबसे आगे रहते हैं और उनके सपने पूरे ना होने पर गहरी हताशा में चले जाते हैं। गरीबों की सबसे ज्यादा सांसत है।

### गरीबों की संख्या में निरंतर इजाफा

जिले में गरीबों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। वर्तमान में जिले में 1 लाख 95 हजार श्रमिक सरकारी रिकार्डों में दर्ज हैं। इनके लिए शासन की ओर से कई जन कल्याणकारी योजनाएं बनाई गई हैं। कुछ लोगों को लाभ भी मिल रहा है फिर भी गरीब परिवार का जीवन स्तर ऊपर नहीं उठ रहा है। जानकारों का मानना है कि सीधी जिले में वास्तविक गरीबों की संख्या इससे कहीं ज्यादा है। वर्ष 2003 के बाद बीपीएल सर्वे न होने के कारण गरीबों की वास्तविक संख्या सामने नहीं आ पा रही है। पूर्व के सर्वे में जो गरीब दर्ज हो गए थे उनमें से कई की आर्थिक स्थिति ऊपर उठ चुकी है फिर भी वह गरीब बनकर सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में अग्रणी हैं। वहीं जिन परिवारों के नाम पूर्व में गरीबी रेखा में शामिल नहीं हुए थे उनमें से हजारों की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है। वह गरीबी रेखा में शामिल नहीं हो सके हैं। इस वजह से उनको गरीबी रेखा की योजनाओं का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। सुखद बात यह है कि कोरोना काल से गरीबों को पांच किलो राशन दिया जा रहा है। जिससे उनके घर का चूल्हा निरंतर जल रहा है। यदि शासन से यह मदद भी मिलनी बंद हो जाए तो स्थिति और दयनीय हो सकती है।



# सोन नदी में कूदी महिला का दूसरे दिन भी नहीं लगा सुराग

## बाजार जाने को कहकर निकली थी घर से

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 19 नवम्बर। जिले के खड्डी चौकी क्षेत्र के ग्राम पोस्ता की 56 वर्षीय दुइजी सिंह गोंड़ पिछले दो दिनों से लापता हैं। भंवरसेन पुल पर उनकी चप्पलें मिलने के बाद उनके सोन नदी में कूदने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और एसडीआरएफकी टीम महिला की तलाश में जुटी है।**

परिजनों के अनुसार दुइजी सिंह सोमवार दोपहर करीब 12 बजे बाजार जाने के लिए घर से निकली थीं। देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटीं, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान भंवरसेन पुल के पास उनकी चप्पलें मिलीं, जिससे अनहोनी की आशंका बढ़ गई। ग्राम शिकारगंज निवासी राम प्रताप ने पुलिस को बताया कि उन्होंने पुल से एक महिला को सोन नदी में छलांग लगाते हुए देखा था। इस सूचना के बाद खड्डी चौकी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। खड्डी चौकी प्रभारी नीरज साकेत ने बताया कि पिछले दो दिनों से पुलिस टीम और एसडीआरएफ लगातार सोन नदी में महिला की तलाश कर रही है। गोताखोरों की मदद से नदी के गहरे हिस्सों और किनारों पर खोजबीन की जा रही है। आसपास के जंगली इलाकों में भी तलाशी अभियान चलाया गया हैए लेकिन अभी तक महिला का कोई सुराग नहीं मिला है। उन्होंने यह भी बताया कि नदी का तेज बहाव तलाशी अभियान में बाधा उत्पन्न कर रहा है। लापता महिला के बेटे शुभम सिंह ने बताया कि उनकी मां पिछले एक महीने से मानसिक रूप से परेशान थीं। परिवार उनकी देखभाल कर रहा था। सोमवार को वह बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थीं और वापस नहीं लौटीं। परिजनों ने अब गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# एसआईआर हम सबके लिए जिम्मेदारी और अवसर दोनों हैं : विनोद

## सीधी विधानसभा में कांग्रेस का बीएलए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**सीधी 19 नवम्बर। सीधी विधानसभा क्षेत्र के सभी ब्लॉकों सीधी, सेमरिया, कुचवाही और बरमबाबा में निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत कांग्रेस बीएलए एवं पदाधिकारियों का प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीधी विधानसभा के संगठन प्रभारी विनोद शर्मा मुख्य अतिथि रहे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी विनोद शर्मा ने कहा कि मतदाता सूची का सुधार लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव है। यदि कांग्रेस कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सक्रिय रहेंगे तो संगठन मजबूत होगा और सही मतदाता सूची तैयार करने में बड़ी भूमिका निभा सकेंगे। एसआईआर हम सबके लिए जिम्मेदारी और अवसर दोनों है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे क्षेत्र में घर-घर संपर्क कर योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने और त्रुटियों को सुधारने में कोई कमी न छोड़ें।

प्रशिक्षण का संचालन एवं मार्गदर्शन प्रशिक्षण प्रभारी प्रदीप सिंह दीपू द्वारा किया गया, जिन्होंने बीएलए की भूमिका, मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया, बूथ स्तर की जिम्मेदारियां, फार्म भरने की तकनीक तथा निर्वाचन आयोग के निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। सभी चारों ब्लॉकों के अध्यक्ष विवेक सिंह दीपू अरविंद तिवारी संकट, लालवेंद्र सिंह, यज्ञराज साहू, सुंदरलाल सिंह, रविनाथ गोस्वामी सहित कार्यकर्ता, पदाधिकारी, बीएलए भारी संख्या में शामिल हुए और प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी दिखाई। चारों ब्लॉकों के प्रशिक्षण सत्र विधिवत सम्पन्न हुए और कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने का संकल्प लिया।

### बीएलए मतदाता सूची के पुनरीक्षण में मजबूत कड़ी : ज्ञान

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि बीएलए की मेहनत और सजगता से ही मतदाता सूची की पारदर्शिता और शुद्धता सुनिश्चित होती है। कांग्रेस संगठन आप सभी पर भरोसा करता है। हर ब्लॉक, हर सेक्टर और हर बूथ पर हमारी टीम जितनी मजबूत होगी, लोकतंत्र उतना ही सशक्त होगा। उन्होंने आगे कहा कि एसआईआर का सफल संचालन आने वाले चुनावों की तैयारी का महत्वपूर्ण हिस्सा है इसलिए सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं।

# ज्ञानस्थली इंटरनेशनल स्कूल में हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 19 नवम्बर।** प्रियदर्शनी नगरए हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित ज्ञानस्थली इंटरनेशनल स्कूल सीधी में रंग-बिरंगी वेशभूषाओं के साथ फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नन्हे छात्रों ने विभिन्न राष्ट्रीय सेवाओं एवं महान व्यक्तित्वों का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति और



सजीव अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यक्षता डायरेक्टर सौरभ सिंह, संचालन मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती भाग्या सिंह, मार्गदर्शन प्राचार्य प्रीति गुप्ता द्वारा किया गया। मंच संचालन की महत्वपूर्ण भूमिका रुनझुन सिंह ने आकर्षक अंदाज में निभाई गई।

# 500 किलोमीटर दूर से सीधी में पुलिस आरक्षक की परीक्षा देने आ रहे अभ्यर्थी

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 19 नवम्बर। कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा आयोजित की जा रही पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा अव्यवस्थाओं के साए में है। सीधी में परीक्षा देने के लिए 500 किलोमीटर दूर से अभ्यर्थी पहुंच रहे हैं। बाहर से आने वाले अभ्यर्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व पहुंचते हैं। जिससे वह समय पर अपने परीक्षा केन्द्र में पहुंच सकें।**

आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षार्थियों की भारी भीड़ के चलते यहां के सभी लाज एवं होटलों के दाम पहले की अपेक्षा काफी ज्यादा हो चुके हैं। इस वजह



से आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थी कड़ाके की ठंड भरी रात गोपालदास बांध के किनारे, पेंड़ो के नीचे गुजारने के लिए मजबूर हैं। यह समस्या करीब एक पखवाड़े से बनी हुई है। कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा सीधी के 3 प्रायवेट कॉलेजों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इस वजह से रोजाना सीधी में हजार से ऊपर अभ्यर्थियों की आवाजाही 30 अक्टूबर 2025 से बनी हुई है। यह परीक्षा 15 दिसम्बर 2025 तक आयोजित होगी। सीधी शहर में पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए कमला कालेज पड़रा, टाटा कालेज अंधियारखोह, दिव्यज्योति इंजीनियरिंग कालेज (एसआईटी) का आयोजन हो रहा है। एमपी पुलिस आरक्षक परीक्षा दो पालियों में आयोजित होती हैए जो सुबह और दोपहर में होती है। पहली पाली में परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक होती है और उम्मीदवारों को सुबह 7:30 बजे से 8:30 बजे के बीच रिपोर्ट करना होता है। दूसरी पाली में परीक्षा दोपहर 2:30 से शाम 4:30 बजे तक आयोजित की जाती है जिसके लिए दोपहर 1रू30 बजे रिपोर्टिंग का समय होता है। इस वजह से परीक्षार्थी काफी परेशानी झेलकर भी समय पर परीक्षा केन्द्र में पहुंचते हैं। पेंड़ के नीचे और गोपालदास बांध के समीप मौजूद कई अभ्यर्थियों ने आज चर्चा के दौरान बताया कि कर्मचारी चयन मंडल भोपाल की गलत नीतियों के चलते होशंगाबाद, सागर, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, शिवपुरी, सतना, रीवा समेत अन्य जिलों के एक हजार से ऊपर परीक्षार्थी सीधी में परीक्षा देने के लिए रोजाना पहुंच रहे हैं। अभ्यर्थियों की शिकायत थी कि सीधी शहर में होटल और लाज की कीमतें काफी ज्यादा हैं इस वजह से गरीब परिवारों के युवा मजबूरी में कड़ाके की ठंड भरी रात गुजारने के लिए इधर-उधर भटकते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी सुबह पाली में जिन अभ्यर्थियों की परीक्षा होती है वह होते हैं। आरक्षक की परीक्षा देने के लिए भारी संख्या में महिलाएं भी पहुंच रही हैं।

# सीए के क्षेत्र में तलाशें अपना भविष्य, पाएं डेढ़ से 2 करोड़ के पैकेज : सीए राकेश

▶ सरस्वती शिशु मंदिर में व्यक्तित्व विकास कार्यशाला आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 19 नवम्बर। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़रिया की पूर्व छात्र परिषद द्वारा आयोजित व्यक्तित्व विकास कार्यशाला के द्वितीय दिवस कॉमर्स और इस क्षेत्र में भविष्य की स्वर्णिम संभावना विषय पर छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए विश्व स्तर पर ख्याति प्राप्त चार्टर्ड अकाउंटेंट राकेश शुक्ला ने बच्चों को कैरियर गाइडेंस के बारे में कहा कि कामर्स फील्ड में सभी विद्यार्थी आ सकते हैं। चाहे वह मैथ, बायो, आर्ट या किसी भी सब्जेक्ट के हों। सीए की पढ़ाई के साथ-साथ 30 से 35 हजार की स्कॉलरशिप भी विद्यार्थियों को मिलती है।**

चार्टर्ड अकाउंट श्री शुक्ला ने सफलता के प्रमुख तीन सूत्र बताए। मेहनत, लगन व एकाग्रता। हमें





सफलता के लिए कांस्टेंसी नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिस तरह हमारे शरीर को चलाने के लिए भोजन की आवश्यकता होती है उसी प्रकार हमें पढ़ाई के लिए भी बेचैन होना चाहिए। तभी सफलता हमारे कदम चूमेगी। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है इसलिए हमें अपने शारीरिक स्वास्थ्य की ओर भी ध्यान देना चाहिए। इसके लिए हमें नियमित रूप से एक-डेढ़ घंटे हल्का-फुल्का व्यायाम करना चाहिए। विधि विशेषज्ञ एलएलबी एलएलएम और सीए राकेश शुक्ल ने कॉमर्स के लिए बताया कि कॉमर्स में अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए आईसीएआई संस्था से जुड़कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इंडिया टॉपर होने पर फॉरेन में सिलेक्शन होने पर डेढ़ करोड़ से दो करोड तक पैकेज मिलता है, इंडिया में 52 लाख पैकेज मिलता है एवं टॉप 50 वालों को 30 से 35 लाख तक का पैकेज मिलता है तथा एवरेज स्टूडेंट को भी 8 से 9 लाख का पैकेज मिलता है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि सभी पढ़ाई की तुलना में सीए की पढ़ाई सबसे सस्ती है। इसकी टोटल कॉस्ट 2 लाख से ज्यादा नहीं होती है। सबसे महत्वपूर्ण है अपनी कैपेबिलिटी को पहचानना। यदि हमें अपने विषय का ज्ञान है तो हमारी सफलता में भाषा आड़े नहीं आ सकती है। हम जहां भी जाएंगे वहीं अपनी जगह बना लेंगे। सीए श्री शुक्ला ने एकाग्रता की रामबाण औषधि चंद्रभेदी प्राणायाम का कभी अभ्यास कराया। अपने 80 मिनट के उद्बोधन में श्री शुक्ल ने सीए और इससे जुड़ी हुई अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के विषय में व्यावहारिक पक्ष और सैद्धांतिक पक्ष को विस्तार से बताया। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार सिंह ने आए हुए अतिथियों का वाणी द्वारा स्वागत किया और पूर्व छात्र परिषद के जिला संयोजक डॉ.अजय मिश्रा ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के व्यक्तित्व को निखारना है।

अतिथियों का आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के संयोजक सुरेंद्रमणि दुबे ने अतिथियों एवं विद्यालय के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि इतना महत्वपूर्ण समय देने के लिए अतिथियों का हृदय आभार। कन्या पाली किशोर भारती की अध्यक्ष जागृति सोनी ने अतिथियों का हल्दी चंदन से स्वागत किया। इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य बृहस्पति प्रसाद मिश्रा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य पवन कुमार पाण्डेय, रघुराज सिंह, दिवाकर द्विवेदी, छविराज सिंह, अनिल शुक्ला, पूजा सिंह, रश्मि द्विवेदी, नमिता मिश्रा, प्रिया ओझा, अमृतलाल सोनी, राघवेन्द्र मिश्रा समस्त आचार्य तथा सभी भैया-बहनों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# नशामुक्ति अभियान की वर्षगांठ गुरुकुल विद्यालय में आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**सीधी 19 नवम्बर। नशामुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजन करने के शासन के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय विभाग एवं वैदेही फाउंडेशन जन कल्याण समिति सीधी के संयुक्त तत्वाधान में गुरूकुल हायर सेकण्ड्री विद्यालय में कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनंजय मिश्रा ने नशा से होने वाले नुकसान के बारे विस्तार से बताते हुये समाज के सभी वर्ग के लोगो को विशेषकर बच्चे जो इस देश के भविष्य हैं, जिनके कंधो पर इस देश का भार आना हैं उन्हें खुद नशे से दूर रहना है और औरो को भी नशा से दूर रहने की समझाइस देना है। जिला पंचायत से जिला समन्वयक सुचिता सिंह ने भी अपनी सहभागिता व शुभकामनाएं बच्चो को दी। वैदेही फाउंडेशन के संयोजक एवं सामाजिक न्याय विभाग के सेवा निवृत्त प्रमुख कलाकार सुरेन्द्र शुक्ला ने नशा मुक्ति पर केन्द्रित प्रभावी समझाइश एवं उत्कृष्ट गीत से सभागार को झंकृत कर दिया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि सहायक संचालक महिला बाल विकास अंजली पाण्डेय ने विलम्ब से पहुंचकर बच्चों को नशे से दूर रहने व अच्छे अंक लाकर अपने विद्यालय का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी गई। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा नशा मुक्ति का शपथ दिलाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# गिर रहा पारा, शाम ढलने के बाद बढ़ने लगती है ठंड

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 19 नवम्बर। नवम्बर माह के चौथे सप्ताह में थर्मामीटर का पारा नीचे गिरने लगा है। तापमान कम होने के कारण रात में ठंडक का असर ज्यादा बढ़ जाता है। लोग शाम ढ़लने के बाद गरम कपड़े का उपयोग करना शुरू कर दिए हैं। शाम ढलने के बाद ठंड बढ़ जाती है।**

दिन में भी लोग धूप में नहीं रहते तो गरम कपड़े का उपयोग प्राथमिकता से करने लगे हैं। मौसम के जिस तरह के आसार नजर आ रहे हैं उससे स्पष्ट है कि जल्द ही ठंड अपने पूरे सबाब में आ जाएगी। शहरी क्षेत्र में ठंडक का असर कुछ कम है लेकिन ग्रामीण अंचलों में काफी तेज है। शाम ढलने के बाद से तो ग्रामीण क्षेत्रों में ठंडक ज्यादा पड़ रही है। शहरी क्षेत्र में जिस तरह से ठंडक का असर बढ़ रहा है उससे एक सप्ताह बाद ठंडक ज्यादा बढने के आसार हैं। शाम ढलने के बाद से ठंडक के चलते लोगों की आवाजाही बाजार क्षेत्र में कम होने लगी है। जिसके चलते कई व्यवसायी भी रात 9 बजे तक अपनी-अपनी दुकानें बंद करना शुरू कर दिए हैं। फुटपाथी कारोबारी सबसे ज्यादा परेशान होने लगे हैं। क्योंकि उन्हे खुले आसमान के नीचे अपना कारोबार करना पड़ता है।

# सांसद ने सीधी रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

## सीधी सांसद डॉ .राजेश मिश्रा ने अधिकारियों को तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 19 नवम्बर। सीधी स्थित रेलवे स्टेशन में जारी निर्माण कार्यों की प्रगति का आज स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सांसद ने अधूरे कार्यों की स्थिति, निर्माण की गुणवत्ता और कार्य गति का बारीकी से मूल्यांकन किया।**

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि स्टेशन विकास कार्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक सुविधा से जुड़ा है इसलिए इसे निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करना बेहद आवश्यक है। सांसद ने



निर्देश देते हुए बताया कि यात्री सुविधाओं को बढ़ाने और स्टेशन को आधुनिक स्वरूप देने के लिए चल रहे कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट संकेत दिया कि निर्माण की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता न हो और सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार ही पूरे किए जाएं। इस निरीक्षण के दौरान कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने सांसद को आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और जल्द ही स्टेशन को बेहतर सुविधाओं के साथ जनता के लिए तैयार किया जाएगा। सीधी रेलवे स्टेशन के उन्नयन को लेकर लोगों में लंबे समय से उत्साह है और आज के निरीक्षण से उम्मीद बढ़ी है कि आने वाले समय में यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और आधुनिक स्टेशन की सौगात मिलेगी।

### निरीक्षण में इनकी रही उपस्थिति

मुख्य रूप से शत्रुधन पटेल, जेडआरयूसीसी सदस्य डॉ .विक्रम सिंह, टीएसी सदस्य प्रमोद द्विवेदी तथा डिप्टी सीई अभिलीस कुमार मीना सहित रेलवे विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे। सभी ने मिलकर स्टेशन परिसर में चल रही गतिविधियों पर चर्चा की और आवश्यक सुधार बिंदुओं को चिन्हित किया।